प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट 'उनतीस'

[23/3/2018]

प्रश्न सं. [क्र. 4024]

परिशिष्ट

विधान सभा तारांकित प्रश्न क्रमाक 4024 द्वारा श्री मोती कश्यप, जिला–कटनी, सत्र फरवरी–मार्च 2018

कटनी जिले में दि. 25.01.18 को आमंत्रित निविदा सूचना अंतर्गत निर्माण कार्यों की निविदाओं के निराकरण हेतु अधीक्षण यंत्री कार्यालय जबलपुर में निविदा निराकरण हेतु बैठक हुई। श्री सजल राय एवं प्रश्नकर्ता माननीय विधायक द्वारा आपत्ति ली गई थी, उक्त आमंत्रित निविदाओं को निरस्त किया जाये।

निविदा परीक्षणों में पाया गया कि कटनी जिले की निविदा क्र. 15/2017 में हार्ड कापी के रूप में लिये जाने वाले अभिलेख हेतु विभागीय निर्देश क्र. 5663/28.11.2017 का पालन कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कटनी द्वारा नहीं किया गया। अतः निविदा प्रक्रिया दूषित होने से निविदायें निरस्त कर दी गई। उक्त निविदाओं में जिला कटनी के मंगल भवन निर्माण कार्य ढीमरखेड़ा का कार्य भी शामिल था जिसकी निविदा उक्त कारण से निरस्त की गई थी। इस कार्य की निविदा निरस्त की जाकर कार्यपालन यंत्री, कटनी को अवगत कराया जाना था, किंतु लिपिकीय त्रुटि के कारण पत्र कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग–नरसिंहपुर को दि. 23.05.17 को जारी किया गया। त्रुटि ज्ञान में आने पर दि. 23.05.17 को ही सुधार किया जाकर पत्र कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग–कटनी को लिखा गया।

अतः प्रक्रिया में विसंगती, अनियमितता नहीं है।